फा. सं. आईटी-एयूटी-आईटी-एओआरटीआई/13/2026-आईटी-एयूटी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय
**9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,**
**लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003**
https://prgi.gov.in

दिनांक 13.07.2026

**वर्ष 2026 की परामर्शिका संख्या 16**

**विषय : प्रेस सेवा पोर्टल पर आधार आधारित ई-हस्ताक्षर हेतु आधार में नाम की विसंगति के समाधान के लिए परामर्शिका**

इस कार्यालय के संज्ञान में यह आया है कि वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने अथवा प्रेस सेवा पोर्टल पर किसी अन्य प्रकार का आवेदन करने के दौरान कुछ प्रकाशकों को आधार आधारित ई-हस्ताक्षर करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जो उनके प्रेस सेवा पोर्टल **प्रोफाइल** में उपलब्ध नाम तथा उनके आधार में अभिलिखित नाम के मध्य विसंगति के कारण है। ऐसे स्वामियों/प्रकाशकों को सलाह दी जाती है कि वे **प्रेस सेवा पोर्टल** पर लॉग-इन करें, **प्रोफाइल** पर जाएँ, **एडिट** प्रोफाइल पर क्लिक करें, अपने नाम को अपने **आधार कार्ड** में यथावत अंकित नाम के अनुसार अद्यतन करें, परिवर्तनों को सुरक्षित करें तथा इसके उपरांत दस्तावेजों के डिजिटल हस्ताक्षर की कार्यवाही करें।

2. **प्रोफाइल** में नाम का अद्यतन केवल **प्रेस सेवा पोर्टल** पर दस्तावेजों के आधार आधारित ई-हस्ताक्षर को सफलतापूर्वक सक्षम करने के लिए है।

3. **प्रोफाइल** में विवरण का अद्यतन करने से भारत के प्रेस महापंजीयक के कार्यालय (पीआरजीआई) द्वारा अनुरक्षित पंजीकरण अभिलेखों में अभिलिखित विवरणों में कोई परिवर्तन **नहीं होगा।**

4. जो प्रकाशक भारत के प्रेस महापंजीयक के कार्यालय (पीआरजीआई) द्वारा अनुरक्षित पंजीकरण अभिलेखों में भी अपने विवरणों का अद्यतन कराना चाहते हैं, उन्हें **प्रेस सेवा पोर्टल** के माध्यम से **सशोधित पंजीकरण** हेतु आवेदन प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। ऐसे आवेदनों पर **प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023** तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों में उल्लिखित उपबंधों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

5. पंजीकरण अभिलेखों में अभिलिखित नाम में लघु संशोधनों हेतु अनुरोध ई-मेल के माध्यम से **it-helpdesk.prgi@gov.in, it-helpdesk.rni@gov.in** पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

6. इसे भारत के प्रेस महापंजीयक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(हितेश रावत)
सहायक प्रेस महापंजीयक